# कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव।

## GEM पोर्टल पर अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद उन्नाव में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र स्थित बड़े/मझोले/छोटे नालों की तलीझाड़ सफाई हेतु नाला सफाई कार्य में दक्ष 60 अदद विलासपुरी सफाई श्रमिकों की आउटसोर्सिंग के आधार पर सेवाप्रदाता फर्म/ठेकेदार से दिनांक 01–04–2023 से 30–04–2023 तक आपूर्ति प्राप्त किया जाना है। उक्त श्रमिकों को पारिश्रमिक भुगतान हेतु कार्यालय श्रम आयुक्त, उ0प्र0, जी0टी0रोड, कानपुर द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 958–65 प्रवर्तन(एम–डब्लू)/15 दिनांक 30–09–2022 के अनुसार अकुशल श्रमिक हेतु रु0 374.73 प्रतिदिन एवं अर्द्धकुशल श्रमिक हेतु रु0 412.19 प्रतिदिन निर्धारित है। सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार से उक्त आपूर्ति हेतु निविदा GEM पोर्टल पर दिनांक 10-3-2023 से दिनांक 21-3-2023 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी GEM पोर्टल/कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। निविदादाता की फर्म को आयकर/जीएसटी/श्रम विभाग एवं जेम पोर्टल के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। सेवाप्रदाता फर्म/ठेकेदार द्वारा नगर पालिका परिषद उन्नाव में आपूर्ति किये जाने वाले विलासपुरी सफाई श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में स्वयं कराना होगा तथा नियमानुसार उक्त कर्मचारियों का ई0एस0आई0 व भविष्य निधि की कटौती कराकर समय से सम्बन्धित विभाग में जमा कराना अनिवार्य होगा। निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण नियम–शर्तों की जानकारी पालिका के स्वास्थ्य विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

10/3/23

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद उन्नाव।

प्रशासक
नगर पालिका परिषद उन्नाव।

संख्या : 6492 /स्वा0वि0/2022–23/ 0911 दिनांक : 10/3/23

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उनके सूचना पट पर चस्पा हेतु :**

01– कार्यालय जिलाधिकारी महोदया, उन्नाव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
02– अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय महोदय, उन्नाव।
03– कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04– विज्ञापन व्यवस्थापक/सम्पादक ~~दैनिक हिन्दुस्तान/दैनिक अमृत प्रभात~~ उन्नाव को इस आशय से प्रेषित की अपने आगामी अंक में कम से कम स्थान पर उक्त निविदा सूचना का एक बार प्रकाशन कर समाचार पत्र की 05 प्रतियों के साथ बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

10/3/23

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद उन्नाव।